RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 26 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 253 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

**भायंदर में डेढ़ साल बीतने के बाद भी इन चार्जिंग स्टेशनों का उपयोग शुरू नहीं हो पाया**



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# बीजेपी का मिशन बीएमसी...

## कोर कमेटी की बैठक में तय हुआ निकाय चुनाव का रोड मैप

**मुंबई: लोकसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद विधानसभा चुनाव में मिली शर्मनाक शिकस्त से घायल पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना (यूबीटी) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी का अस्तित्व और अपना सियासी भविष्य बचाने के लिए आखिरी लड़ाई लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे मनपा चुनाव की तैयारी के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं। लेकिन बीजेपी अब उन्हें कोई मौका देने के मूड में नहीं है।**

मनपा चुनाव के मद्देनजर उद्धव की सक्रियता को देखते हुए बीजेपी भी एलर्ट मोड में आ गई है। मुंबई मनपा में बीजेपी का महापौर बैठाने का लक्ष्य निर्धारित करके बीजेपी में मिशन मुंबई पर काम शुरू हो गया है। इसकी तैयारियों के लिए बुधवार को बीजेपी कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें मनपा चुनाव जीतने के रोडमैप पर पार्टी के प्रमुख नेताओं एवं पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की अगुवाई में महायुति को मिली ऐतिहासिक जीत से बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व बेहद उत्साहित है। पूरे देश पर एकछत्र राज यानी शत प्रतिशत



बीजेपी के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने हर हाल मुंबई मनपा जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इसके जरिए महाराष्ट्र में पार्टी के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी उद्धव ठाकरे और उनकी शिवसेना (यूबीटी) की कमर तोड़ने की रणनीति पर मंथन चल रहा है। इसी संदर्भ में बुधवार को मुंबई बीजेपी की एक बैठक हुई। बैठक में आगामी मनपा चुनाव को जीतने के लिए अलग रणनीति पर चर्चा की गई।

लोकसभा चुनाव में बीजेपी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद से मुंबई सहित महाराष्ट्र के पदाधिकारियों को बदलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीने बाद विधानसभा चुनाव होने थे इसलिए मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

### नए सदस्यों को जोड़ने का पुराना फामूर्ला

विधानसभा चुनाव में जीत और देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने के बाद पार्टी के लिए महाराष्ट्र में बने सकारात्मक माहौल को देखते हुए बीजेपी के रणनीतिकारों ने नए सदस्य बढ़ाकर मतदाता बढ़ाने की रणनीति बनाई है। साटम ने बताया कि आगामी मुंबई मनपा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी की ओर से 1 जनवरी से 15 जनवरी तक नए मतदाताओं का पंजीकरण किया जाएगा। 5 जनवरी को मुंबई में मॉक टेबल, बूथ और स्टॉल लगाए जाएंगे, जैसे मतदान के दौरान टेबल लगाए जाते हैं। साटम ने कहा कि मतदाता पंजीकरण पर अधिक जोर देने का निर्णय बीजेपी ने लिया है। लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद बीजेपी ने नए सदस्यों को जोड़ने की रणनीति पर काम किया था। विधानसभा चुनाव से पहले जोड़े गए लगभग 40 लाख नए सदस्यों के कारण विधानसभा चुनाव में बीजेपी के करीब 70 लाख वोट बढ़ गए और पार्टी को 132 सीटों पर जीत मिली थी। अब बीजेपी मनपा चुनाव के लिए उसी फामूर्ले का इस्तेमाल करेगी।

---

## महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कांबली से की मुलाकात...



**ठाणे :** महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को जिले के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली से मुलाकात करने के बाद बताया कि उनकी हालत अब स्थिर है ।52 वर्ष के कांबली को 21 दिसंबर को भिवंडी के करीब आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया था ।उनके मूत्रमार्ग में संक्रमण हो गया था ।ठाणे से विधायक सरनाईक ने कहा ,' विनोद कांबली भारतीय क्रिकेट का चमकता नाम है जिन्होंने हमेशा अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है ।उनकी आंखों में अभी भी वही जुझारूपन और प्रतिबद्धता दिखती है जो मैदान पर उन्होंने हमेशा दिखाई है ।उनकी हालत अब स्थिर है और मुझे यकीन है कि वह जल्दी ही उबर जायेंगे ।''

## महाराष्ट्र की खाली तिजोरी भरने के लिए बंटेंगे शराब लाइसेंस...

### एक्साइज विभाग ने सरकार को भेजा प्रस्ताव

**मुंबई:** महाराष्ट्र की शराब बिक्री नीति में जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। एक्साइज विभाग ने शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस जारी करने, बीयर की दुकानों में शराब बेचने तथा ऑनलाइन शराब की आपूर्ति की अनुमति से संबंधित प्रस्ताव राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं उत्पाद शुल्क मंत्री अजित पवार को भेजा है। इसका खुलासा होने के बाद से विपक्ष आक्रामक हो गया है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि चुनाव जीतने के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रेवड़ियां बांटी थी। इसके परिणामस्वरूप खाली हो चुकी सरकारी तिजोरियों को भरने के लिए सरकार अब शराब बिक्री के नए लाइसेंस बांटने जा रही है।



आबकारी मंत्री अजित पवार को भेजे गए प्रस्ताव में एक्साइज विभाग ने दावा किया है कि कारोबारी शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस की मांग लंबे समय से करते रहे हैं। लेकिन राज्य सरकार ने वर्ष 1972 के बाद से शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस जारी नहीं किए हैं। इस वजह से शराब की अवैध बिक्री के कारोबार को फलने-फूलने का अवसर मिल रहा है। कई जगहों पर शराब की अवैध बिक्री चल रही है।

#### मंत्रिमंडल की बैठक में हो सकता है निर्णय

इससे सरकार को नुकसान हो रहा है और अवैध शराब के कारण कई बार लोगों की जान पर भी खतरा मंडराता रहता है। बताया जा रहा है कि अजित ने एक्साइज विभाग के प्रस्ताव के प्रति सकारात्मक रुख दशार्या हैं तथा जल्द ही मंत्रिमंडल की बैठक में इस पर निर्णय हो सकता है। विरोधियों का शराब बिक्री के लिए नए लाइसेंस जारी करने से राज्य को भारी राजस्व मिलने की उम्मीद है। लेकिन विरोधी इसके सामाजिक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त कर रहे हैं। दुकानें बढ़ने से शराबियों की तादाद बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इसका खामियाजा परिवारों को भुगतना पड़ेगा। इसलिए सरकार को आर्थिक और सामाजिक प्रभाव के बीच संतुलन का ध्यान रखना चाहिए। शराब लाइसेंस में बदलाव का प्रस्ताव राज्य सरकार के लिए महत्वपूर्ण होगा।

## ठाणे जिले में 12 साल की लड़की हुई लापता,

### कब्रिस्तान की दीवार के पास मिला शव, पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले से आए दिन क्राइम की खबरें बढ़ती जा रही है। हाल ही में एक ठाणे से एक 12 साल की लड़की की मौत की खबर सामने आ रही है, जिससे परिसर में रोश का माहौल फैला हुआ है। एक अधिकारी ने जानकारी दी और बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 12 वर्षीय लड़की की हत्या के आरोप में पुलिस ने बुधवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (जोन-3 कल्याण) अतुल जेंडे ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार को शाम करीब चार बजे कल्याण शहर में अपने घर के बाहर एक लड़की खेल रही थी। तब ही एक अज्ञात व्यक्ति ने उस लड़की का कथित तौर पर अपहरण कर लिया।

उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे भिवंडी के समीप बापगांव में एक कब्रिस्तान की दीवार के पास उस लड़की का शव बरामद



हुआ। अब तक फिलहाल हत्या के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। लड़की के नहीं मिलने से परिजनों ने उसकी खोज शुरू कर दी थी। परिजनों ने कई घंटों तक लड़की की तलाश की लेकिन वो कहीं नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने सोमवार शाम को कल्याण के कोलसेवाड़ी थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी और बाद में उन्होंने उसके शव की पहचान कर ली। शुरू में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137 (अपहरण) के तहत प्राथमिकी दर्ज की और लड़की का पता लगाने के लिए खोज शुरू की।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### भारत के लिए चुनौती बना बांग्लादेश

बांग्लादेश में हालात खराब होते चले जा रहे हैं इसके चलते दक्षिण एशिया में जो परिदृश्य बन रहा है, वह भारत के लिए चिंता का विषय है। पाकिस्तान तो 1947 से ही भारत विरोधी हिंसात्मक कार्रवाई कर रहा है। अफगानिस्तान को भारत ने बहुत आर्थिक मदद दी, परंतु उसका कोई विशेष सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। बांग्लादेश को हमने 1971 में स्वतंत्र कराया। शेख हसीना के कार्यकाल में ऐसा लगा कि हमारी पूर्वोत्तर की सीमाएं अब सुरक्षित रहेंगी और इस पड़ोसी देश से अच्छे संबंध बने रहेंगे, परंतु यह अध्याय भी 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया, जब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया और शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी। बांग्लादेश में सरकार विरोधी आंदोलन की अगुवाई जमाते इस्लामी, हिजबुत तहरीर और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अलावा कई इस्लामी संगठन कर रहे थे। अमेरिका का एक प्रभावी वर्ग भी आंदोलनकारियों का समर्थन कर रहा था। लगता है हमारी खुफिया एजेंसी को इस षडयंत्र की भनक नहीं लगी। बांग्लादेश में इस समय एक अंतरिम सरकार चल रही है, जिसके मुख्य सलाहकार नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस हैं। तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और विशेष तौर से हिंदुओं पर बराबर आक्रमण हो रहे हैं।

मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, संतों को प्रताड़ित किया जा रहा है, हिंदू अधिकारियों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है, महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है, उनके घरों में लूटपाट हो रही है। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार 8 दिसंबर तक हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के विरुद्ध 2,200 हिंसात्मक घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें हिंदुओं की हत्याएं भी शामिल हैं। बांग्लादेश सरकार का ध्यान जब इन घटनाओं की ओर आकर्षित किया जाता है तो वह दलील देती है कि यह हमारा आंतरिक मामला है और घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि राजनीतिक है। क्या यह अजीब नहीं कि जब किसी देश में मोहम्मद साहब का कार्टून बनता है या कहीं कोई मस्जिद गिर जाती है, तब तो वह मामला वैश्विक हो जाता है और दुनिया भर के मुसलमान उस पर अपना विरोध प्रकट करते हैं, परंतु जब हिंदुओं के मंदिर तोड़े जाते हैं और उनका उत्पीड़न होता है तो यह संबंधित देश का आंतरिक मामला हो जाता है? बांग्लादेश में कुछ घटनाओं के पीछे राजनीतिक कारण हो सकते हैं, क्योंकि वहां का अल्पसंख्यक वर्ग ज्यादातर अवामी लीग का समर्थन करता है, पर यह कहना गले के नीचे नहीं उतरता कि उन पर आक्रमण के पीछे सांप्रदायिक दुर्भावना नहीं है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई के कई मनपा अस्पतालों में ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों का रिन्यूअल लटका... सेवाएं बाधित



**मुंबई :** मुंबई के कई मनपा अस्पतालों में ठेके पर कार्यरत फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन, सामुदायिक विकास अधिकारी और अन्य तकनीकी कर्मचारियों का रिन्यूअल लटका हुआ है। इस वजह से अस्पतालों में रोगी सेवाएं बाधित हो गई हैं। इससे मरीजों की फजीहत हो रही है। साथ ही उन्हें अब अधिकांश टेस्ट बाहर से कराने पड़ रहे हैं। हालांकि, मनपा ने इस पर चुप्पी साध रखी है।

उल्लेखनीय है कि ठेके पर कार्यरत कर्मियों का नवीनीकरण न होने से इसका सबसे ज्यादा असर बांद्रा के भाभा अस्पताल पर पड़ रहा है। इस अस्पताल के फार्मेसी में अब चार ठेका कर्मचारियों ने आना बंद कर दिया है। ऐसे में अब दो के कंधों पर फार्मेसी की जिम्मेदारी आ गई है, जो सुबह आठ से चार बजे तक सेवा दे रहे हैं। इससे यहां रोजाना आनेवाले करीब १,००० मरीजों को दवाइयां देने में दोनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह सांताक्रूज के वीएन देसाई अस्पताल की भी स्थिति मिलता-जुलता दिखाई दे रहा है। यहां ठेके पर कार्यरत १० में से एक्सरे के दो और फार्मेसी के एक तकनीशियन ने काम पर आना बंद कर दिया है। इस अस्पताल में पिछले कुछ महीनों से कई ठेका कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिला है। उनका ठेका भी नहीं बढ़ाया गया है।

पूर्व उपनगर में स्थित एक अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ओपीडी में टीबी रोगियों का इलाज करने वाले एक डॉक्टर ने ठेका नवीनीकरण न होने के कारण कुछ सप्ताह पहले से आना बंद कर दिया, जिसका सीधा असर यहां टीबी का इलाज कराने के लिए पहुंच रहे १५ से २० रोगियों पर पड़ा है। मेडिकल रिकॉर्ड विभाग में किसी समय २० से अधिक कर्मचारी थे, लेकिन अब वहां केवल सात से आठ ठेका कर्मचारी ही बचे हैं। अधिकारी ने कहा कि सामुदायिक विकास अधिकारी का पद महीनों से खाली है।

**तीन महीनों से वेतन नहीं**


नाम न छापने की शर्त पर एक फार्मासिस्ट ने कहा कि पिछले तीन महीनों से हमें न तो वेतन मिला और न ही ठेका नवीनीकरण हुआ है। इस वजह से हमें दिसंबर के पहले सप्ताह से काम बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। एक अन्य कर्मचारी ने कहा कि हमें २०,००० रुपए वेतन का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वेतन में देरी के कारण घर का किराया देने और परिवारों का भरण-पोषण करने में परेशानी हो रही है। उपनगरीय अस्पतालों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चंद्रकांत पवार के मुताबिक, पहले ही ठेका कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे संबंधित उपनगरीय अस्पतालों में अपना काम जारी रखें। उन्हें आश्वासन दिया है कि उनका बकाया वेतन दिया जाएगा।

## मोबाइल टावर से बैटरियां चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश... 9 गिरफ्तार

**विरार :** मोबाइल टावर से बैटरियां चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 5 आरोपी टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारी हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह गिरोह 5 दिसंबर की रात को भालीवली गांव स्थित मोबाइल टावर के सर्वर रूम से 24 बैटरियां (जिनकी कुल कीमत लगभग 12,000 रुपये थी) चुरा ले गया था। इस संबंध में मांडवी पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) और सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी अजित आनंत मानकर (32), संतकुमार बिकारी राजभर (41), आकाश कर्मराज पांडे (29), नवनाथ भगवान उत्तेकर (32), अजय अनंत घाडी (24), सुदिप लक्षीराम राजभर (30), बुल्लु बिकारी राजभर (37), रमेश सूरत सिंह (37), और किशोर भेरुलाल पुरबीया (34) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने वसई, विरार, पालघर, वाडा और बोईसर जैसे क्षेत्रों में अन्य अपराधों को अंजाम देने की बात कबूली।

# कल्याण में सामने आया तीन तलाक का अनूठा मामला;

## पत्नी के बॉस के साथ नहीं सोने पर पति ने तोड़ दिया रिश्ता



**मुंबई:** मुंबई से सटे कल्याण में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर पति ने पत्नी से बॉस के साथ शरीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला। जब पत्नी ने ऐसा करने से मना किया तो उसे तलाक दे दिया। पत्नी की शिकायत पर ठाणे की कल्याण पुलिस एक्शन में आई है। पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज करने बाद कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार कल्याण में रहने वाले 43 साल के सोहेल शेख नाम के सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी पत्नी के सामने एक अजीबोगरीब शर्त रखते हुए कहा कि वह उसके बॉस के साथ शरीरिक संबंध बनाने के लिए उसे साथ सोए। मना करने पर उसने अपनी दूसरी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। 28 साल की पीड़ित पत्नी के पुलिस को बताया है कि जनवरी में उनकी शादी के बाद, उसे पता चला कि उसके पति की पहली पत्नी के साथ तलाक की कार्यवाही लंबित थी। पत्नी ने 15 लाख रुपये दहेज मांगने और शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का भी आरोप लगाया है।

**पार्टी में ले गया था पति**

महराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में दर्ज एफआईआर में पीड़ित पत्नी ने बताया है कि पति जुलाई में उसे एक पार्टी में ले गया। वहां पर उसने बॉस से परिचय कराया। इसके बाद उसने बॉस के साथ सोने के लिए कहा। पत्नी का आरोप है कि जब उसने ऐसा करने से मना कर दिया तो तलाक दे दिया। पत्नी का आरोप है कि पति ने घर लौटते ही यह कदम उठाया। उसने अपने रिश्तेदारों के सामने उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस द्वारा इस मामले को कल्याण के बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर किया गया है।

# ट्रैफिक पुलिस ने एमएमआरडीए को दी कई महत्वपूर्ण अनुमति

## परियोजनाओं को पूरा करने में मिलेगी गति...




**मुंबई :** मुंबई में मेट्रो और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के मुंबई में चल रहे कामों को ट्रैफिक विभाग ने अपनी मंजूरी दे दी। जिससे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा करने में गति मिलेगी। बता दें कि मंगलवार को एमएमआरडीए आयुक्त संजय मुखर्जी ने ट्रैफिक विभाग के सहायक आयुक्त अनिल कुंभारे एंव एमएमआरडीए के विभिन्न परियोजना अभियंताओं के साथ विस्तृत बैठक कर कई महत्वपूर्ण मूलभूत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए रुकी पड़ी अनुमतियों का तुरंत निपटारा कर 9 प्रमुख परियोजनाओं के लिए कुल 17 महत्वपूर्ण अनुमतियों को मंजूरी दी गई। मंजूर की गई अनुमतियों में मेट्रो लाइन 2 बी, मेट्रो लाइन 6, शिवडी वर्ली कनेक्टर और मिसिंग लिंक फ्लाईओवर जैसी प्रमुख परियोजनाओं के लिए ट्रैफिक विभाग की अनुमति शामिल है। इन अनुमतियों से परियोजनाओं के कार्य में कोई अड़चन नहीं आएगी और मुंबई की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार होंगे।

मेट्रो लाइन 2 बी (डीएन नगर से मांदले तक) के लिए पूरी लाइन के लिए यातायात अनुमति का नवीनीकरण, मिलन सबवे के पास ऊंचाई गेज के लिए अनुमति, बांद्रा आरओबी (पश्चिमी द्रुतगति मार्ग) पर यातायात परिवर्तन के लिए अनुमति, एसवी रोड पर बांद्रा मेट्रो स्टेशन के पास यातायात परिवर्तन की अनुमति।

# भायंदर/अवैध फेरीवाले बन रहे शहर के लिए समस्या



**भायंदर :** मीरा भायंदर शहर में इन दिनों फेरीवालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। शहर का हाल यह है कि नो फेरीवाला जोन में भी फेरीवाले बेधड़क होकर बैठते हैं। शहर में पहले भी फेरीवाले थे जो यहां पर फेरी लगाकर अपनी रोजी रोटी चलाते थे परन्तु करोना काल के बाद से इस शहर में फेरीवालों की तादाद बढ़ते ही जा रही है। इन फेरीवालों में बहुत सारे लोग तो मीरा-भायंदर शहर के बाहर रहते हैं परन्तु यह यहां पर आकर रोज फेरी लगाते हैं। इन फेरीवालों पर मनपा का भी अंकुश नहीं है। मनपा द्वारा जब इन पर कार्यवाही की जाती है तब उसकी सूचना इन फेरीवालों को पहले से ही मिल जाती हैं। इनको कार्यवाही की सूचना देने वाले सूत्र की खोज आवश्यक है। इनकी वजह से राहगीरों एवं वाहन चालकों को भी काफी दिक्कत होती है।

# भिवंडी में नकली पशु दवा निर्माण का भंडाफोड़... 7.23 लाख का रसायन जब्त, एक अरोपी गिरफ्तार




**भिवंडी :** भिवंडी के किदवाई नगर क्षेत्र में जानवरों के लिए नकली दवाओं के निर्माण और बिक्री का बड़ा मामला उजागर हुआ है। एफडीए विभाग और शांतिनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 7.23 लाख रुपये मूल्य का रसायन मिश्रण (लिक्विड) बरामद किया गया है। इस मामले में आरोपी आशिक लियाकत सरदार (23) को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य आरोपी सैफूल माजीद सनफाई (27) और लियाकत सेठ फरार हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल भाग गए हैं, और उनकी तलाश जारी है। पुलिस जांच में पता चला है कि तीनों आरोपी मिलकर किदवाई नगर स्थित टीचर कॉलोनी के पास अवैध रूप से जानवरों को दूध अधिक देने वाली ऑक्सीटोसीन दवा और इंजेक्शन तैयार कर रहे थे।

इन दवाओं का उपयोग गाय-भैंसों से अधिक दूध निकालने के लिए किया जाता है, जो न केवल जानवरों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं, बल्कि इस दूध के सेवन से इंसानों को भी गंभीर बीमारियों का खतरा हो सकता है। आरोपी बिना किसी सरकारी लाइसेंस और नियमों का पालन किए नकली दवाओं का निर्माण, सांचाकरण और वितरण कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि इन नकली दवाओं का सेवन जानवरों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है।

# आरपीएफ ने बचाई जान यात्री ने माना आभार

**ठाणे :** ठाणे रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की खाई में गिरे एक यात्री को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने सतर्कता दिखाते हुए बचा लिया। जवानों की इस बहादुरी के लिए उनकी प्रशंसा की जा रही है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली निवासी 54 वर्षीय यात्री रविवार को ठाणे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर सात पर खड़े थे। उस समय उद्योगनगरी एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आई थी।

ट्रेन के छूटने के बाद यात्री ने उसमें चढ़ने की कोशिश की, लेकिन उनके पास भारी बैग था। ट्रेन में चढ़ते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की खाई में गिर गए। इस दौरान, प्लेटफॉर्म पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के जवान दीपक हड्डा और आर.के. मीणा ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए यात्री को खाई से बाहर निकाला और उनकी जान बचाई।

# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखा पत्र

## पोस्टर, बैनर पर लगाओ प्रतिबंधः आदित्य ठाकरे



**मुंबई :** शिवसेना यूबीटी के विधायक और युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर जगह-जगह लगे राजनीतिक पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आदित्य ठाकरे ने कहा कि वर्ष 2025 में प्रवेश करते वक्त, जनसेवा का संकल्प करते वक्त और दलगत भेदभाव और विचारधारा को एक तरफ रखते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए, राजनीतिक पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स पर प्रतिबंध लगातार आप सबसे महत्वपूर्ण और बड़ा निर्णय ले सकते हैं। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि पिछले दो साल से राजनीतिक हंगामे की वजह से प्रत्येक शहर के कोने-कोने में हजारों राजनीतिक पोस्टर (कानूनी और गैरकानूनी) तरह से देखने को मिल रहे हैं। एक नागरिक के रूप में यह देखकर दुख होता है और जो लोगों को तकलीफ देता है। आदित्य ने कहा कि पिछले दो साल में मुंबई मनपा की तरफ से चुनावी पोस्टर हटाए गए हैं, लेकिन सत्ताधारी दलों के पोस्टर अभी भी नजर आ रहे हैं। यदि हम इस बचकानी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को एक तरफ रख दें, यदि सभी राजनीतिक दल अवैध पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स न लगाने का निर्णय लें, तो हम नागरिकों को बड़ी राहत दे सकते हैं। इससे हमारे शहर स्वच्छ नजर आएंगे, इसके अलावा राजनीति कार्यकताओं को ऐसे खर्च से राहत मिलेगी। दुनिया में कहीं भी ऐसे पोस्टर नहीं लगाए जाते। आदित्य ठाकरे ने इस मामले मुख्यमंत्री से कदम उठाने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे इस दिशा में साथ होंगे। आप सत्ता में मुख्यमंत्री और हम विपक्षी दल में हैं, लेकिन इस मुद्दे पर एक साथ आकर काम करना चाहिए। आपने इस विषय पर बैठक बुलाई या सभी राजनीतिक दलों को पत्र लिखा, तो मैं मेरी पार्टी की तरफ से कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ खड़ा रहूंगा।

# मुंबई : बेकरियों को अब इलेक्ट्रिक और सीएनजी लगाना किया अनिवार्य



**मुंबई :** बेकरी में लकड़ी का उपयोग किए जाने से हवा की गुणवत्ता पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। मनपा प्रशासन ने मुंबई के सभी बेकरी मालिकों को नोटिस देते हुए एक साल में में इलेक्ट्रिक या सीएनजी ओवन लगाने का निर्देश दिया है।

बता दे कि मुंबई में 1200 से अधिक बेकरी है जिनमे 650 बेकरी मालिक लाइसेंस लेकर बेकरी चला रहा है जबकि अन्य सभी अवैध चल रही है। मनपा प्रशासन ने 650 मालिकों को नोटिस देकर इन्हे साल के भीतर इलेक्ट्रिक और सीएनजी लगाना अनिवार्य किया है। हाल के दिनों में मुंबई में प्रदूषण और हवा की गुणवत्ता में गिरावट आई है। प्रदूषण की बढ़ोत्तरी निर्माण कार्यों और सड़क पर उड़ने वाली धूल के कारण हो रही है। इसके अलावा मुंबई में 1200 से ज्यादा बेकरी में लकड़ी और भूसे से ईंधन जलाने के कारण विषैली धुंआ पैदा हो रहा है। जिससे प्रदूषण में वृद्धि हो रही है। मनपा ने 2007 से इलेक्ट्रिक ओवन के उपयोग के लिए लगभग 350 बेकरी को अनुमति दी है। लेकिन अब भी आधी बेकरी लकड़ी का उपयोग करती हैं। जिससे प्रदूषण और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बढ़ रहा है। लकड़ी जलाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषक तत्व जैसे पार्टिकुलेट मैटर, मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और वोलेटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड्स श्वसन, हृदय और रक्त वाहिनियों से संबंधित बीमारियों का कारण बनते हैं। खराब लकड़ी और प्लाईवुड जलाने से उत्पन्न होने वाले हानिकारक धुएं कैंसर, अस्थमा और अन्य बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

# अंतरराज्यीय गैंग हुआ गिरफ्तार... 72 घंटों में ज्वेलर चोरी मामले को सुलझाया




**ठाणे :** ठाणे सिटी क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड ने सेंट्रल क्राइम सेल की मदद से ज्वैलर्स की दुकान में डकैती करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को मात्र 72 घंटे में गुजरात से गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि घटना 17 दिसंबर 2024 को ठाणे के नौपाड़ा क्षेत्र में वामन शंकर मराठे ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक दुकान में हुई थी। रात 1:50 से सुबह 4:30 बजे के बीच लगभग 50 लाख रुपये के सोने के आभूषण चोरी कर लिए गए। इस मामले में नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में धारा 331(2), 305 और 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर ठाणे पुलिस आयुक्त ने विशेष टीमों का गठन कर गैंग को गिरफ्तार किया।

# आगामी बजट में भी बेस्ट को पैसा देने का होगा प्रावधान

## मनपा ने बेस्ट को दस सालों में दिया 11 हजार 232 करोड़, वित्तीय स्थित कमजोर



**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने बेस्ट यूनियन के आरोपों पर जानकारी दी है कि मनपा ने पिछले दस सालो में बेस्ट को 11 हजार 232 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि दी है। मनपा प्रशासन ने यह भी कहा की फरवरी महीने में होने वलए मनपा के बजट में बेस्ट के लिए अधिक बजट प्रावधान किए जाने की जानकारी दी है।

मनपा प्रशासन ने कहा है कि बेस्ट सेवा को मुंबई वासियों को सुखद और उच्च गुणवत्ता वाली यात्रा प्रदान करने के लिए मनपा ने हमेशा सहयोग किया है। मनपा बेस्ट उपक्रम को लगातार मदद की है। मनपा इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 493 करोड़ रुपये की राशि भी प्रदान की है। मनपा ने बेस्ट उपक्रम की जिम्मेदारी नहीं छोड़ी है, जैसा कि कुछ संगठन आरोप कर रहे हैं। बेस्ट की वर्तमान स्थिति अच्छी नहीं है और हाल ही में बेस्ट ने घाटे का बजट मनपा को सौंपा है। इस बजट में कुर्ला हादसे के कारण स्वामित्व वाली बसों की कमी और भाड़े पर आधारित बसों के उपयोग की समस्या सामने आई है। इसके परिणामस्वरूप हादसों की संख्या बढ़ रही है और कर्मचारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। कुछ संघटन इस समस्या के लिए मनपा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं और उनका कहना है कि मनपा की मदद के अभाव में बेस्ट की वित्तीय स्थिति कमजोर हो गई है। आरोपों पर मनपा प्रशासन ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया है कि मनपा बेस्ट उपक्रम के साथ खड़ी है। मनपा ने बेस्ट को 2019-20 से 2023-24 तक के पांच वर्षों में 8,594 करोड़ 24 लाख रुपये की राशि दी है और इस वित्तीय वर्ष में 850 करोड़ रुपये दिए हैं। इसके अलावा बेस्ट कर्मचारियों को दिवाली बोनस के रूप में 80 करोड़ रुपये का सानुग्रह अनुदान दिया गया है।

## मुलुंड स्थित मजिस्ट्रेट कोर्ट के एक कमरे में फाइलों के ढेर पर सांप मिलने से मच गई अफरा-तफरी



**मुंबई :** मुलुंड स्थित मजिस्ट्रेट कोर्ट के एक कमरे में फाइलों के ढेर पर एक सांप मिलने से करीब एक घंटे तक अदालत की कार्यवाही प्रभावित हुई। दो फुट लंबे सांप को देखकर मची अफरा-तफरी : मजिस्ट्रेट अदालत के कमरा नंबर 27 में दोपहर तक सामान्य कामकाज चल रहा था, तभी एक पुलिसकर्मी ने फाइलों को खंगालते हुए दो फुट लंबा सांप देखा। अदालत में मौजूद एक वकील ने बताया कि इस घटना से वहां मौजूद सभी लोग घबरा गए और अफरा-तफरी मच गई। इसकी वजह से जज को मजबूरी में कार्यवाही अस्थायी रूप से रोकनी पड़ी।

नहीं आया पकड़ में... : सांप पकड़ने वालों को बुलाया गया, जिन्होंने अदालत में फैली पुरानी फाइलों, दीवारों और फर्श में बने छेदों में ध्यान से खोजबीन की। हालांकि, सांप का कोई पता नहीं चला। वकील ने कहा कि सांप नहीं मिला, हो सकता है कि वह कमरे के किसी छेद में घुस गया हो। एक घंटे बाद शुरू हुई कार्यवाही : करीब एक घंटे बाद अदालत की कार्यवाही फिर से शुरू हुई। दिलचस्प बात यह है कि इस अदालत में पहले भी सांप दिख चुके हैं। वकील बिस्वरूप दुबे के अनुसार, एक दिन पहले भी अदालत की खिड़की पर एक सांप देखा गया था और दो महीने पहले एक सांप जज के कक्ष में भी देखा गया था।

# भायंदर में डेढ़ साल बीतने के बाद भी इन चार्जिंग स्टेशनों का उपयोग शुरू नहीं हो पाया



**भायंदर :** मीरा-भायंदर में पर्यावरण सुधार और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जून २०२३ में केंद्र सरकार की निधि से दो इलेक्ट्रिक वेहिकल चार्जिंग स्टेशन बनाए गए थे। डेढ़ साल बीतने के बाद भी इन चार्जिंग स्टेशनों का उपयोग शुरू नहीं हो पाया है। देखभाल और रखरखाव की कमी के कारण ये स्टेशन अब खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। करोड़ों की लागत से बनाए गए चार्जिंग स्टेशन आज धूल और कचरे के ढेर में तब्दील हो चुके हैं। मीरा-भायंदर नगर परिवहन में १२९ बसों में से ५५ बसें इलेक्ट्रिक हैं, जिन्हें चार्ज करने के लिए इन स्टेशनों का निर्माण किया गया था, लेकिन इन चार्जिंग स्टेशनों के अनुपयोगी होने के कारण इन बसों को चार्जिंग के लिए अन्य व्यवस्थाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि चार्जिंग स्टेशनों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। न तो उनकी सफाई हो रही है और न ही सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। कचरे और भंगार बसों के कारण यह स्थान अब बदहाल हो चुका है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है ताकि इन चार्जिंग स्टेशनों का सही तरीके से उपयोग हो सके और यह पर्यावरण सुधार में भी मददगार साबित हों। करोड़ों की लागत से तैयार इन सुविधाओं को बेकार जाने देना जनता के पैसे और पर्यावरण के हितों के साथ अन्याय है।

**क्वींस पार्क चार्जिंग स्टेशन (आरक्षण क्रमांक २४५):** इस स्टेशन पर चार्जिंग मशीनें खुले में रखी हुई हैं, जिन पर धूल और धूप का असर साफ देखा जा सकता है। स्टेशन पर कचरा वाहनों को खड़ा किया जा रहा है, जिससे वहां बदबू फैल रही है और आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं।

**कनकिया चार्जिंग स्टेशन (आरक्षण क्रमांक २४८):** यहां की स्थिति भी बेहतर नहीं है। स्टेशन पर भंगार बसें खड़ी की गई हैं, जो न केवल शहर की सुंदरता को खराब कर रही हैं, बल्कि चार्जिंग मशीनों को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

## पालघर जिले में शिशु मृत्यु दर के बाद मातृ मृत्यु दर में बढ़ोतरी

**मुंबई :** पालघर जिले में शिशु मृत्यु दर के बाद मातृ मृत्यु दर में भी काफी बढ़ोतरी होने की बात सामने आई है। २०१४ से अब तक १५५ माताओं की मृत्यु हो चुकी है। इस वर्ष पालघर जिले में बीस माताओं की मृत्यु हो गई। मातृ मृत्यु दर सबसे अधिक पालघर तालुका में है, इसके बाद दहाणू, जवाहर और विक्रमगढ़ तालुकाओं का नंबर आता है। अपर्याप्त पोषण के कारण समय से पहले जन्म, कम उम्र में विवाह, शारीरिक समस्याएं और गर्भावस्था की समस्याएं भी मृत्यु दर में वृद्धि करती पाई गई हैं।

पालघर जिले के ग्रामीण इलाकों में बाल विवाह जैसी अवांछनीय प्रथा आज भी जारी है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि गर्भवती माताओं की मृत्यु स्तन कैंसर और कम उम्र में शादी होने से होनेवाली शारीरिक समस्याओं के कारण होती है।

## मुंबई पुलिस का साइबर अपराध मामले में एक्शन




**मुंबई :** साइबर अपराध मामले में मुंबई पुलिस का बड़ा एक्शन सामने आया है। जिसमें पुलिस ने धोखाधड़ी में खोए 7.5 करोड़ 4.65 करोड़ जब्त कर लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मुंबई पुलिस ने एक निजी कंपनी के मालिक द्वारा साइबर धोखाधड़ी में खोए 7.5 करोड़ रुपये में से 4.65 करोड़ रुपये को फ्रीज करने में सफलता हासिल की।

जानकारी के अनुसार कांदिवली में एक सिम स्वाइप धोखाधड़ी के माध्यम से साइबर जालसाजों ने कंपनी के बैंक खाते से पैसे निकाल लिए। जालसाजों ने सिम स्वाइप करके खाते तक पहुंच प्राप्त की और कई अनधिकृत लेनदेन किए, जिसके बाद पैसे को विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिया।

## बेस्ट बसों में यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे; सैकड़ों बसों में सीसीटीवी बंद...!



**मुंबई :** पिछले कुछ दिनों में जहां सड़क पर बेस्ट बसों की चपेट में आने से पैदल यात्रियों की मौत की घटनाएं बढ़ी हैं, वहीं अब सैकड़ों बसों में सीसीटीवी बंद होने से यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में नजर आ रही है। बेस्ट के बेड़े में ३,५०० बसों में से २,८८९ से ज्यादा बसों में सीसीटीवी कैमरे बंद होने की बात सामने आई है इसलिए प्रशासन से इन सभी बसों में तुरंत कैमरे लगाने की मांग की जा रही है।

रेलवे के बाद मुंबई की दूसरी जीवनरेखा कही जानेवाली बेस्ट बसों में रोजाना लगभग ३५ लाख यात्री यात्रा करते हैं। इन बेस्ट यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्रदान करने के लिए अब बेस्ट के बेड़े में अधिक से अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक एसी बसें शामिल की जा रही हैं। इन यात्रियों की सुरक्षा के लिए हर बस में सीसीटीवी कैमरे लगाने की नीति भी लागू की जा रही है। वर्तमान में बेस्ट यात्री सेवा में २,८८९ ऐसी स्व-स्वामित्व वाली और वेट लीज वाली बसों का बेड़ा संचालित करता है, इनमें से ज्यादातर लीज पर ली गई बसें शामिल हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए इन लीज बसों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य कर दिए गए हैं। हालांकि, सैकड़ों बसों में कैमरे बंद होने से यात्रियों की सुरक्षा का मुद्दा खड़ा हो गया है, बेस्ट के स्वामित्ववाली ९८९ बसों में से ६७ बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और २५ बसों में सीसीटीवी वैष्ठमरे बंद हैं।

**लीज वाली ४२० बसों में भी कैमरे एक्टिव नहीं**

१,९०० लीज वाली बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और ४२० बसों में सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए हैं। ज्यादातर बेस्ट की स्वयं के स्वामित्व वाली बसों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं, सीसीटीवी कैमरे तकनीकी खराबी के कारण बंद हैं। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ठेकेदारों को जल्द से जल्द सभी सीसीटीवी कैमरे शुरू करने का निर्देश दिया जाएगा।

## अदालत का 15 साल की भतीजी के साथ रेप मामले पर अहम फैसला, उम्रकैद की सजा



**मुंबई :** रेप के एक मामले पर मुंबई की विशेष अदालत ने अहम फैसला लिया है. आपको बता दें कि यहां एक शख्स ने अपनी 15 साल की भतीजी के साथ रेप किया और उसे गर्भवती करने के जुर्म में बार-बार उम्रकैद की सजा सुनाई. इस मामले में फैसला सुनाते हुए कोर्ट की ओर से कहा गया कि इस शख्स की ऐसी हरकतों की वजह से लड़की की जिंदगी पूरी जिंदगी मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तौर पर प्रभावित हुई है. इस मामले को देखते हुए यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत न्यायाधीश जे.पी. डार्केकर ने 45 वर्षीय व्यक्ति को बलात्कार के लिए सजा सुनाई और उसे 6,000 रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया. 19 दिसंबर को पारित आदेश में जज ने कहा कि आरोपी (मुंबई क्राइम न्यूज) द्वारा किए गए कृत्यों का लड़की के जीवन पर गहरा मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक प्रभाव पड़ा है. इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि जब नाबालिग लड़की के साथ रेप हुआ तो वह महज 15 साल की थी.

## गटरों के टूटे चेंबर की मरम्मत में लापरवाही, कार्रवाई की मांग



**भिवंडी :** भिवंडी महानगरपालिका क्षेत्र में कई गटरों पर लगे लोहे के चेंबर टूटे या गायब हो गए हैं। इससे क्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। इस मुद्दे पर नागरिक गिरीश जावेरी ने कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने शिकायत की है कि नगर पालिका द्वारा 15 दिन में चेंबर की मरम्मत का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई काम नहीं हुआ। गोपाल नगर क्षेत्र में गटरों के लोहे के चेंबर टूटे हुए हैं। गिरीश जावेरी ने 13 नवंबर को इस संबंध में नगर पालिका को मेल के जरिए शिकायत दर्ज कराई थी। इसके जवाब में नगर पालिका ने 18 नवंबर को लिखित रूप में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके, 3 दिसंबर को सूचना अधिकार के तहत दिए गए जवाब में काम पूरा होने की गलत जानकारी दी गई। जावेरी ने आरोप लगाया कि संबंधित प्रभाग समिति के उप अभियंता विनोद भोईर ने निर्धारित समय में शिकायत का समाधान नहीं किया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com